पंजाब केसरी 20/02/2025

# विद्यार्थियों ने उगाड़ा में लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय के बारे में किया जागरूक

## जैंडर इक्विटी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत : डा. सरोज

अम्बाला, 19 फरवरी (ब्यूरो): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट के महिला प्रकोष्ठ द्वारा बुधवार को प्राचार्य डा. रोहित दत्त के नेतृत्व में लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय पर पोस्टर बनाए गए।

वहीं जागरुकता रैली का आयोजन गांव उगाड़ा में किया गया, जिसमें महाविद्यालय के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने उगाड़ा गांव के रहने वाले लोगों को लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय के बारे में बात कर उन्हें जागरूक किया।

महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. नेहा ने कहा कि लैंगिक भेदभाव समाज की कुरीतियां में से एक है,



अपने बनाए पोस्टरों के साथ विद्यार्थी। (देवदत्त)

इसे आज की युवा पीढ़ी द्वारा लैंगिक निष्पक्षता एवं न्याय में जागरुकता फैलाकर इसे रोका जा सकता। डा. सरोज की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करवाया गया। कार्यक्रम के संचालन मे महाविद्यालय के डा. रवनीत, डा. नीना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डा. सरोज ने कहा कि जैंडर इक्विटी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। हमारा उद्देश्य लोगों को जैंडर इक्विटी के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इसके बाद पोस्टर बनाकर तथा उसके बाद रैली निकालकर जागरुकता फैलाई गई। इस आयोजन में गांव के वरिष्ठ नागरिकों और समाजिक कार्यकर्त्ताओं ने भी भाग लिया। उन्होंने छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया और जैंडर इक्विटी के महत्व पर बल दिया।